जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 30.10.2013

प्रेस विज्ञप्ति
(सं. 2013/378)

जोधपुर–हावडा–जोधपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन

वाया जयपुर, बांदीकुई, आगरा फोर्ट, इलाहाबाद, मुगलसराय एवं धनबाद चलेगी

रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुये जोधपुर–हावडा–जोधपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 04823, जोधपुर–हावडा स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 01.11.13 शुक्रवार को** (01 ट्रिप) जोधपुर से 15.00 बजे रवाना होकर दिनांक 02.11.13 शनिवार को 23.30 बजे हावडा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04824, हावडा–जोधपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 04.11.13 सोमवार को** (01 ट्रिप) हावडा से 20.15 बजे रवाना होकर दिनांक 06.11.13 बुधवार को 04.40 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

यह गाडी दोनो दिशाओं में गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, कनकपुरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, ईटावा, कानपुर सेन्ट्रल, फतेहपुर, इलाहाबाद, मोहराजपुर, मुगलसराय, सासाराम, गया, धनबाद एवं आसनसोल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 02 सैकण्ड एसी, 01 थर्ड एसी, 15 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 02 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड के डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होगें।

जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर